Civil Services (Main)
Examination- 2025

**वियोज्य DETACHABLE**

# पशुपालन एवं पशु-चिकित्सा विज्ञान (प्रश्न-पत्र II)

# ANIMAL HUSBANDRY AND VETERINARY SCIENCE (Paper II)

| | |
|---|---|
| *निर्धारित समय : तीन घण्टे*<br>*Time Allowed : Three Hours* | *अधिकतम अंक : 250*<br>*Maximum Marks : 250* |

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

**उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़िए ।**

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं ।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों में शब्द-सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।

जहाँ आवश्यक हो अपने उत्तर को उपयुक्त आरेखों/चित्रों द्वारा दर्शाएँ । इन्हें प्रश्न का उत्तर देने के लिए दिए गए स्थान में ही बनाना है ।

प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोइ पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए ।

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

**Please read each of the following instructions carefully before attempting questions.**

There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH.**

Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Diagrams/Figures, wherever required, may be drawn in the space provided for answering the question itself.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड 'A'     SECTION 'A'

1. निम्नलिखित प्रत्येक पर लगभग 150 शब्दों में चर्चा कीजिए :
Discuss the following in about 150 words each : 10×5=50

1.(a) शरीर के मूल ऊतकों की प्रमुख ऊतक वैज्ञानिक विशेषतांए बताइये ।
Write salient Histological Features of Basic tissues of the Body. 10

1.(b) बैल की सतही लसीका ग्रंथियों की अवस्थिति ।
Location of superficial lymph nodes of ox. 10

1.(c) द्रव संतुलन पर कार्य करने वाली औषधियां ।
Drugs acting on Fluid Balance. 10

1.(d) प्रदूषण के प्रकार के बारे में लिखिए । जल प्रदूषण के स्रोत और लक्षण के बारे में भी लिखिए । पानी की गुणवत्ता की जांच कैसे करें ?
Write about the types of pollution. Also write about sources and signs of water pollution. How to measure the water Quality ? 10

1.(e) प्रयोगशाला निदान के लिए संदिग्ध पागल कुत्ते के शव से नमूनों का संग्रह, संरक्षण और प्रेषण के तरीकों के बारे में लिखिये ।
Write about the collection, methods of preservation and dispatch of samples from the carcass of suspected rabid dog for laboratory diagnosis. 10

2.(a) स्तनधारियों मे भ्रूण झिल्लियों के निर्माण को उपयुक्त चित्रों की सहायता से समझाइये ।
Explain the formation of Foetal membranes in mammals with the help of suitable diagrams. 20

2.(b) एक आदर्श रोगाणुरोधी प्रतिनिधि (एजेन्ट) के गुणों की चर्चा कीजिये । रोगाणुरोधी प्रतिनिधियों (एजेन्टों) के वर्गीकरण के बारे में लिखिये ।
Discuss the properties of an ideal antimicrobial agent. Write about the classification of antimicrobial agents. 20

2.(c) गर्भवती गायों और दूध देने वाली गायों के लिए आबास आवश्यकताओं पर संक्षेप में चर्चा कीजिए ।
Discuss in brief the housing requirements for pregnant cows and milking cows. 10

3.(a)(i) गाय में ग्रासनलीशोथ के कारण (एटियोलाजि), रोगजनन नैदानिक निष्कर्ष और उपचार की रूपरेखा को स्पष्ट कीजिए ।
Elucidate the etiology, pathogenesis, clinical findings and line of treatment of esophagitis in cow. 10

3.(a)(ii) पशुओं के लिए आयोडीन का आहार अनुपूरण क्यों आवश्यक है, समझाइये ।
Explain why dietary supplementation of Iodine is essential for Livestock. 10

3.(b)(i) वयस्क मुर्रा भैंस में फीमर फ्रैक्चर की मरम्मत की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा कीजिए ।
Discuss in detail the procedure to repair femur fracture in an adult Murrah Buffalo. 8

3.(b)(ii) टूटी हुई हड्डियों के न जुडने के विभिन्न कारकों पर चर्चा कीजिए ।
Discuss the various factors that lead to non-union of broken bones. 7

3.(c) चित्रों की सहायता से मुर्गी के अंडाशय और अंडवाहिनी (डिम्बवाहिनी) की स्थूल शारीरिक विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।

Explain gross anatomical features of ovary and oviduct of Fowl with the help of diagrams. 15

4.(a)(i) पोल्ट्री उद्योग पर एवियन इन्फ्लूंजा विषाणु के प्रभाव का वर्णन कीजिए और एवियन इन्फ्लूंजा के प्रभावी नियंत्रण के लिए अपनाए जाने वाले नियंत्रण उपायों का सुझाव दीजिए। महामारी की स्थिति से निपटने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशानिर्देशों का उल्लेख कीजिए।

Describe the effect of Avian Influenza Virus on Poultry industry and suggest the control measures to be adopted for effective control of Avian Influenza. Mention the WHO's guidelines for addressing the pandemic situation. 10

4.(a)(ii) भैंस में एसिटोनरक्तता (एसिटोनीमिया) के लिए जिम्मेदार कारकों के साथ-साथ इसके नैदानिक निष्कर्षों, निदान, विभेदक निदान और उपचार की रूपरेखा पर चर्चा कीजिए।

Discuss about the factors attributable to acetonaemia in buffalo alongwith its clinical findings, diagnosis, differential diagnosis and line of treatment. 10

4.(b) घोड़े में स्थिरीकरण उपकरण और धनुष तथा डोरी तन्त्र की व्याख्या कीजिए।

Explain stay apparatus and Bow and String mechanism in Horse. 15

4.(c) पालतू पशुओं में तंत्रिका तंत्र के रोगों की नैदानिक अभिव्यक्ति की व्याख्या कीजिए तथा तंत्रिका विज्ञान संबंधी परीक्षण की विधियों को सूचीबद्ध कीजिए।

Explain clinical manifestation of diseases of the nervous system in domestic animals and enlist the methods of Neurological Examination. 15

## खण्ड 'B' SECTION 'B'

5. निम्नलिखित प्रत्येक पर लगभग 150 शब्दों में चर्चा कीजिए :

Discuss the following in about 150 words each : 10×5=50

5.(a) पशु रोग नियन्त्रण के लिए OIE मानक निर्धारण प्रक्रिया।

OIE standard setting procedure for animal disease control. 10

5.(b) मलाई (क्रीम) का उदासीनीकरण।

Neutralization of cream. 10

5.(c) एसिडोफिलस दूध और बुलगारियन छाछ का प्रसंस्करण कैसे किया जाता है ?

How is the processing of Acidophilus milk and Bulgarian butter milk done ? 10

5.(d) मांस के कम तापक्रम पर संरक्षण के सिद्धांत और विधियां।

Principles and methods of low temperature preservation of meat. 10

5.(e) कालीन ऊन का गुणवत्ता नियन्त्रण और क्रमनिर्धारण (ग्रेडिंग)।

Quality control and grading of carpet wool. 10

6.(a)(i) उभरते जुनोटिक रोगों, उनकी व्यापकता और पशु तथा मानव जनसंख्या पर पडने वाले प्रभाव के विषय में चर्चा कीजिए।

Discuss about emerging zoonotic diseases, their prevalence and effects on animal and human population. 10

6.(a)(ii) रोग संचरण के तरीकों और रोग नियन्त्रण उपायों पर चर्चा कीजिए।

Discuss the methods of disease transmission and disease control measures. 10

6.(b) संघनित और वाष्पित दूध में पाए जाने वाले विभिन्न दाबों, उनके कारणों और निवारक उपायों को सूचीबद्ध कीजिये ।

List out different defects encountered in condensed and evaporated milk, their causes and preventive measures. 15

6.(c) पशुओं के मृत्युपूर्व निरीक्षण के उद्देश्य और प्रक्रिया क्या हैं ? मृत्युपूर्व निरीक्षण के आधार पर पशुओं के वर्गीकरण के बारे में लिखिए ।

What are the purpose and procedure of ante-mortem inspection of animals ? Write about categorization of animals based on ante-mortem inspection. 15

7.(a)(i) दूध और मांस जनित रोगों तथा उनके नियन्त्रण के विषय में विस्तार से वर्णन कीजिए ।

Write in detail about milk and meat borne diseases and their control. 10

7.(a)(ii) गाय की अचानक मृत्यु के पशु-चिकित्सा कानूनी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा कीजिए ।

Discuss in detail the vetero legal aspects of sudden death of a cow. 10

7.(b) 'मदर स्टार्टर' और 'बल्क स्टार्टर' कल्चर के निर्माण की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए । 'स्टार्टर' में क्या-क्या दोष आते हैं और इन दोषों से बचने के लिए क्या उपाय किए जाने चाहिए ?

Describe the process of manufacture of 'mother starter' and 'bulk starter' cultures. What are the defects encountered in 'starter' and what measures are to be taken to avoid these defects. 15

7.(c) ताजे चिकन अंडे, जमे हुए (फ्रोजन) अंडे के उत्पादों और पूरे अंडे के पाउडर से संबंधित एफ एस एस ए आइ मानकों का वर्णन कीजिए ।

Describe FSSAI standards pertaining to fresh chicken egg, frozen egg products and whole egg powder. 15

8.(a)(i) मांस और मांस उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार के लिए आधुनिक प्रसंस्करण प्रौद्योगिकियों पर चर्चा कीजिए ।

Discuss the modern processing technologies to improve quality of meat and meat products. 10

8.(a)(ii) मांस और मांस उत्पादों के सफल विपणन के लिए पैकेजिंग एक बहुत ही महत्त्वपूर्ण उपकरण है — पारंपरिक और आधुनिक पैकेजिंग तकनीकों के प्रकाश में इस विषय पर चर्चा कीजिए ।

Packaging is a very important tool for successful marketing of meat and meat products — discuss the topic in light of traditional and modern packaging techniques. 10

8.(b)(i) बूचडखाने के अपशिष्ट उपचार पर एक टिप्पणी (नोट) लिखिए ।

Write a note on abattoir effluent treatment. 7

8.(b)(ii) मांस और अस्थि चूर्ण के उत्पादन के लिए निष्प्रयोज्य शवों के प्रसंस्करण की विधियों पर चर्चा कीजिए ।

Discuss the methods of processing of condemned carcasses for production of meat-cum-bone meal. 8

8.(c) मलाई रहित (स्किम) दूध से प्राप्त औद्योगिक कैसिइन को वर्गीकृत कीजिये । अम्लीय कैसिइन के निर्माण की विधि का वर्णन कीजिए ।

Classify industrial casein derived from skim milk. Describe the method of manufacture of acid casein. 15